**आयोजन** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में हुए सामूहिक योग कार्यक्रम, स्वस्थ्य आयु थीम पर किया गया योग, एक्सीलेंस स्कूल में हुआ जिला स्तरीय योग कार्यक्रम

# भारत की वैश्विक पहचान का प्रतीक है योग, इसे दैनिक जीवन में अपनाए







**नवभारत, कटनी।** बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग को बढ़ावा देते हुए रविवार को सुबह 6 बजे से जिले भर में सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूलों, महाविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों और विभिन्न संस्थानों में काफी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माधवनगर में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा की उपस्थिति में विशेष योग सत्र आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग परंपरा को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। आज पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है। योग हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है और यह हमें मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए कहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत की वैश्विक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने सभी से योग को दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे शरीर निरोगी और मन शांत रहता है।

### पथवारी में हुआ आयोजन

जिले के विलायत कला मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत पथवारी में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बेहद उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पथवारी, शासकीय माध्यमिक शाला पथवारी और भाजपा मंडल विलायत कला के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय माध्यमिक शाला प्रांगण में एक विशाल योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों, ग्रामीणों और काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार, गायत्री मंत्र, शांति मंत्र सहित योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। योग शिविर में क्षेत्र के अजय सोनी, नंदनी वाटिया, पुष्पेंद्र गोस्वामी, भूपेश कांत मिश्रा, गणेशपुरी गोस्वामी, शवराज केवट,अमर राज सिंह ठाकुर, तिलक राज सिंह जगदंबा प्रसाद तिवारी प्राचार्य, मिथिलेश पुरी गोस्वामी सहित युवा समाजसेवी उमेश यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शुभा गोस्वामी, श्रीमती विद्या मार्को, भूतपूर्व उप सरपंच रमई लाल यादव सहित नारद पुरी गोस्वामी, रामकुमार सिंह, बिहारी लाल यादव, सोहन कुमार, सुनील कुमार, सत्येंद्र यादव, अर्जुन यादव, अंकित यादव, बंसीलाल, कमलेश कुमार सहित काफी संख्या में पालक और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### शिक्षकों ने किया योग

जिले के रीठी विकास खंड के वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार को सामूहिक रूप से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को योग के प्रति जागरूक किया गया और आसनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य भारत सिंह ठाकुर ने प्रतिभाग किया। इसके बाद विद्यालय में पदस्थ पीटीआई शिक्षक संतोष पटेल की ओर से मंच से योगा किया गया और मैदान में मौजूद लोगों, शिक्षकों ने इसे दोहराया। शुरुआत योग मंत्रों के उच्चारण और सूर्य नमस्कार से हुई। प्राचार्य भारत सिंह ठाकुर ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को संतुलित करता है। कार्यक्रम में खेल युवा कल्याण विभाग से देवी प्रसाद मरावी, शासकीय कन्या हाई स्कूल प्राचार्य प्रभु नारायण दुबे, कृष्ण कुमार गुप्ता, पंचम सिंह ठाकुर, नागेन्द्र गुप्ता, नंदश्री जैन, हुश्न बानो, शहनाज़ बेगम, क्रांति मरावी, आरती श्रीवास्तव सहित शिक्षकों की उपस्थिति रही।

**एक नजर में**

## दावों के निराकरण के लिए कार्याशाला 23 को

**नवभारत, कटनी।** जिले की ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत अंतर्गत वनांचल क्षेत्रों में वन अधिकार दावों के पूर्ण और पारदर्शी निराकरण के लिए आगामी 23 जून को एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। ढीमरखेड़ा के मंगल भवन में सुबह 11 बजे से शुरू होने वाली इस कार्यशाला में संबंधित विभागों के मैदानी अमले को प्रशिक्षित किया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक वन अधिकार दावों के 100 प्रतिशत निराकरण के लिए जिले में एक चरणबद्ध अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत 31 दिसंबर 2025 तक पूर्व में निरस्त हो गए दावों का दोबारा परीक्षण किया जाएगा। साथ ही, नए प्राप्त दावों का तत्काल निराकरण और विशेष रूप से सामुदायिक वन संसाधन अधिकार की दावा प्रक्रिया पर मुख्य रूप से फोकस किया जाएगा। कार्यशाला में दावों के सही और तकनीकी रूप से मजबूत निराकरण के लिए एट्री अन्वेषण संस्था के विषय-विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान ग्रामसभा, वन अधिकार समिति, वन विभाग और राजस्व विभाग की आपसी समन्वय व भूमिकाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी, ताकि जमीनी स्तर पर कोई त्रुटि नहीं रहे।

## पांच महीने तक जिले से बाहर रहेगा आदतन अपराधी

**जिला दंडाधिकारी ने जारी किया आदेश**

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने माधवनगर थाना क्षेत्र के देवरीसानी गांव निवासी रामसुजान उर्फ लल्लू बर्मन पिता जगदीश प्रसाद बर्मन के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आगामी 5 महीनों के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेन के आधार पर की है। रामसुजान एक आदतन अपराधी है, जो लंबे समय से अवैध शराब के कारोबार में लिप्त रहा है। वह समाज के कमजोर वर्ग जैसे मजदूर, रिक्शा चालक, हाथ ठेला चालक और पल्लेदारों को अवैध रूप से शराब बेचकर उन्हें नशे की ओर धकेल रहा था। इससे न सिर्फ उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था, बल्कि परिवारों में विवाद और आर्थिक संकट की स्थिति भी उत्पन्न हो रही थी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2020 से 2025 के बीच उसे 12 बार अवैध शराब विक्रय करते हुए पकड़ा गया, जिनमें सभी मामलों में चालानी कार्रवाई कर न्यायालय द्वारा अर्थदंड भी लगाया गया। इसके बावजूद उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। इतना ही नहीं, वर्ष 2025 में उसके खिलाफ 3 चोरी के मामले भी दर्ज किए गए हैं। आपराधिक गतिविधियां लगातार जारी रखने, क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिला दंडाधिकारी कलेक्टर तिवारी ने आदतन अपराधी रामसुजान उर्फ लल्लू बर्मन को 24 घंटे के अंदर जिले की राजस्व सीमाओं और समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना और उमरिया की राजस्व सीमाओं से 5 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

## बिना लाइसेंस खाद्य व्यवसाय करने पर जुर्माना

**नवभारत, कटनी।** बिना लाइसेंस खाद्य व्यवसाय संचालित करने के मामले में अपर कलेक्टर और न्याय निर्णायक अधिकारी नीलांबर मिश्रा ने खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए ग्राम बंजारी स्थित सलमान किराना के प्रतिष्ठान संचालक पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ब्रजेश कुमार विश्वकर्मा ने 23 जुलाई 2025 को उक्त दुकान का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान संचालक से खाद्य व्यवसाय संचालन के लिए लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह दस्तावेज नहीं दिखा सका।

## शराब दुकान सेल्समैन को युवक ने अड़ाया कट्टा

**जान से मारने की दी धमकी पुलिस ने दर्ज किया मामला**



**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन चौराहे स्थित शराब दुकान के अंदर मौजूद सेल्समैन को एक बैखोफ बदमाश ने कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी गई। घटना शनिवार रात करीब 11 बजकर 29 मिनट की बताई जा रही है। कट्टा दिखाने का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। पुलिस ने सेल्समैन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार स्टेशन चौराहे स्थित शराब दुकान के कर्मचारी महेंद्र सिंह से गोलू सक्सेना नामक युवक से पुरानी रंजिश रखता है। शनिवार रात गोलू सक्सेना अपने दो साथियों के साथ स्टेशन चौराहे स्थित शराब दुकान पहुंचा। गोलू सक्सेना ने कट्टा निकालकर दुकान के अंदर मौजूद महेन्द्र सिंह पर अड़ा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार रात फिर वही युवक शराब दुकान पहुंचे और देशी कट्टा लहराते हुए कर्मचारी को धमकाने लगे। घटना का वीडियो मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे और मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद शराब दुकान कर्मचारी की ओर से कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## योग करने से होता है एकाग्रता और सकारात्मक सोच का विकास

**उमरियापान सरकारी कॉलेज में किया गया योगाभ्यास**



**नवभारत, उमरियापान।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय उमरियापान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान का भव्य आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों में योग के प्रति जागरूकता विकसित करना, स्वस्थ, संतुलित, अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिलाषा चौरसिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि योग सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करने का सशक्त माध्यम है । नियमित योगाभ्यास से तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलती है, साथ ही मानसिक शांति, आत्मविश्वास, एकाग्रता के साथ सकारात्मक सोच का विकास होता है। डॉ अभिलाषा चौरसिया ने ओम के उच्चारण के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होने बताया कि इसकी दिव्य ध्वनि मन-मस्तिष्क को शांत, तनावमुक्त बनाती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन सहित अन्य योगासनों का अभ्यास कराया। स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों ने योग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया ।



## अपस्ट्रीम क्षेत्र बैराज तक पानी पहुंचाने का प्रयास जारी

**पेयजल संकट गहराया, टैंकरों से पेयजल सप्लाई शुरू**

**नवभारत,कटनी।** भीषण गर्मी एवं घटते जल स्त्रोतों की चुनौती के बीच नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर वासियों को पर्याप्त, स्वच्छ और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। निगम प्रशासन द्वारा जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग, पेयजल गुणवत्ता की सतत जांच, पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत, जल संरक्षण कार्यों और आवश्यकतानुसार टैंकरों के माध्यम से वैकल्पिक जलापूर्ति सुनिश्चित कर नागरिकों को राहत प्रदान की जा रही है। निगम प्रशासन का जलप्रदाय अमला पूरी सक्रियता के साथ कार्य करते हुए जलापूर्ति संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कर रहा है। नगर की पेयजल व्यवस्था को दीर्घकाल तक सुचारू बनाए रखने के लिए निगम प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के विशेष कार्य किए जा रहे हैं। बैराज के जलस्तर में लगातार आ रही गिरावट को देखते हुए अपस्ट्रीम क्षेत्र में एकत्रित जल को बैराज तक पहुंचाने के लिए मशीनों के माध्यम से नदी में विशेष चैनल निर्माण और गाद निकासी का कार्य कराया जा रहा है। इस प्रयास से जल प्रवाह को सुगम बनाते हुए उपलब्ध जल का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा, जिससे नगर की पेयजल व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। नगर में सुचारू पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से जल प्रदाय विभाग द्वारा दैनिक आधार पर जल वितरण व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। पाइपलाइन लीकेज, ट्यूबवेलों के जलस्तर में कमी, विद्युत कटौती अथवा विद्युत आपूर्ति बाधित होने व अन्य तकनीकी कारणों से उत्पन्न समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। फील्ड स्तर पर अमला लगातार निरीक्षण कर जलापूर्ति व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने में जुटा हुआ है। नागरिकों को सुरक्षित असौ गुणवत्ता युक्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा जल स्त्रोतों, ओवरहैड टंकियों, विभिन्न वार्डों में आपूर्ति किए जा रहे पेयजल के नमूनों की नियमित जांच कराई जा रही है। निर्धारित मानकों के अनुरूप जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सतत निगरानी रखी जा रही है तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही है। पेयजल की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा पाइपलाइन लीकेज की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई की जा रही है। कंट्रोल रूम और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर जल प्रदाय विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य कर रही है।

## नशे से रहें दूर, अपनाए स्वस्थ, सकारात्मक और अनुशासित जीवनशैली

**कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज में किया आयोजन**




**नवभारत,कटनी।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जय चड्ढा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए हस्ताक्षर कर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई और स्वस्थ, सकारात्मक और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में जागरूकता बढ़ाना, समाज को नशे जैसी बुराई से मुक्त करना और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। वक्ताओं ने कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। इस अवसर पर चड्ढा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर देवाशीष चड्ढा, उप-प्राचार्य डॉ राजीव खत्री, डॉ स्वाति छिरौलिया, शरद निरंकारी, डॉ आरएस परिहार, डॉ आराधना अग्रहरि, डॉ गोपाल उपाध्याय, डॉ शैलेन्द्र वर्मा, समीप श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## आबकारी विभाग की टीम ने जब्त की देशी शराब

**नवभारत, कटनी।** जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, निर्माण और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी और सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके के नेतृत्व में आबकारी वृत विजयराघवगढ़ अंतर्गत कन्हवारा, पंडखुरी, रजवारा क्रमांक एक ,1, खरखरी, अमुआरी, झिरिया, विजयराघवगढ़ एवं कैमोर क्षेत्रों में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 78 पाव देशी मदिरा जब्त की गई।

**राहत** विजयराघवगढ़ के बकेली गांव में महानदी के किनारे बने शिवालय से मरीजों को दी जा रही आयुर्वेदिक दवाएं

## बीमारी के इलाज के साथ मानसिक और आत्मिक शक्ति का केन्द्र बना शिवालय



**नवभारत, कटनी।** जहां अंग्रेजी दवा बीमारी को हराने में अपने को असहाय महसूस कराने लगती है वहीं विज्ञान से भी एक कदम आगे आयुर्वेदिक दवा के साथ दुआ भी काम करने लगती है। यह कहना है जिले के साथ ही पड़ोसी जिलों से विजयराघवगढ़ के ग्राम बकेली में महानदी किनारे बने शिवालय में पहुंचने वाले आस्थावान लोगों का । यहां विभिन्न प्रकार की जटिल बीमारी से छुटकारा पाने का भाव लेकर पहुंचने वाले लोग बताते हैं कि इस मंदिर परिसर में ईश्वर के दर्शन व वैद्य विशारद डॉ छत्रपाल सिंह रघुवंशी द्वारा आयुर्वेदिक दवाओं से लोगों को कई बीमारियों से छुटकारा मिल चुका है। यह सिलसिला कई दशकों से परिवार के सदस्य कर्तव्य के रूप में निभा रहे हैं। यहां पहुंचने वाले आस्थावानों की माने तो यहां ईश्वर का सानिध्य व देशी उपचार चिकित्सा और आध्यात्मिकता के बीच के अटूट विश्वास को दर्शाता है। मंदिर में आने वाले और स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार मंदिर में विराजमान स्वयंभू शिवलिंग जो कई दशकों पहले वैद्य विशारद डॉ छत्रपाल सिंह के पूर्वजों को बगल से लगी महानदी के प्रवाह में मिले थे। इनकी विधिवत स्थापन के साथ यहां शिवलिंग, नौ देवियों के साथ विभिन्न प्रतिमाएं स्थापित कराई गई हैं जो यहां आने वालों को विभिन्न प्रकार की शारीरिक बीमारी के उपचार के साथ मानसिक और आत्मिक शक्ति भी प्रदान करती है। श्रद्धालुओं के अनुसार यह स्थिति वहां उत्पन्न होती है जहां विज्ञान और अंग्रेजी चिकित्सा की सीमाएं समाप्त हो जाती हैं। और सिर्फ आयुर्वेद उपचार, ईश्वर की सच्ची प्रार्थना, मनोबल और सकारात्मक ऊर्जा ही रोगी को ठीक करने का एकमात्र जरिया बचती है। जब शारीरिक उपचार के साथ मानसिक और आत्मिक शक्ति यानी कि दुआ जुड़ती है तो हमेशा अद्भुत परिणाम सामने आते हैं। श्रद्धालुओं के अनुसार यहां आयुर्वेद पद्धति से उपचार के साथ जीवनउपयोगी बेहतर मार्गदर्शन मिल रहा है। डॉ. छत्रपाल सिंह की बहू जो ग्राम सरपंच हैं जनप्रतिनिधि होने के साथ मंदिर आने वालों को नशे से दूर रहने, अच्छे कार्यों में जीवन लगाने के साथ सात्विक जीवन के लिए प्रेरित कर रही हैं। स्थानीय लोगों को आध्यात्म से जोड़ने वे डेली सभी के साथ सकीर्तन के माध्यम से लोगों को धर्म से जुड़े रहने व आध्यात्म के रास्ते पर चलकर ईश्वर का सानिध्य पाने प्रेरित कर रही हैं। इनका मानना है कि इस सब कार्य का प्रमुख पहलू यह है कि मनोबल और इच्छाशक्ति या प्रार्थना व्यक्ति के अंदर एक गहरी मानसिक शांति और जीने की इच्छा पैदा करती है जो किसी भी बीमारी से लड़ने में सबसे बड़ा हथियार है। यहां आयुर्वेद उपचार के साथ लोग जब प्रियजन किसी के ठीक होने की कामना करते हैं तो एक सकारात्मक माहौल बनता है।




